हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

11 नप कर्मचारियों व क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने ढाई घंटे में माइनर को किया चकाचक



11 नप चेयरपर्सन ने पार्कों और ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### गोदारा के भाई को प्रोडक्शन वारंट पर लाई एसटीएफ

**बहादुरगढ़।** स्पेशल टास्क फोर्स की बहादुरगढ़ यूनिट कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के भाई हनुमान गोदारा को राजस्थान से प्रोडक्शन वारंट पर लाई है। आरोपी को पिछले साल बहादुरगढ़ में दर्ज एक मामले में पूछताछ में शामिल करने के लिए लाया गया है। आरोपी की पहचान हनुमान गोदारा के रूप में हुई है। राजस्थान के बीकानेर जिले का रहने वाला है। गत 22 मई 2025 को बहादुरगढ़ सदर थाने में बीएनएस 61(2), 111(2), 111(3), 111(4) बीएनएस व 25 (1) (B) (A) आदि धाराओं के तहत दर्ज केस में उससे पूछताछ शुरू कर दी गई है।

### एटीएम कार्ड बदलकर लगाई 22 हजार की चपत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल में एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर दो युवकों द्वारा 22 हजार पांच सौ रुपये निकालने की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में नीमली गांव निवासी सुखबीर सिंह ने बताया कि वह जमींदारे का काम करता है और बीती तीन जून की सुबह करीब पौने दस बजे मातनहेल गांव स्थित एक एटीएम से रुपये निकालने पहुंचा था। वहां मौजूद दो युवकों ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदलते हुए उसे दूसरा एटीएम कार्ड थमा दिया।

### जिला कारागार में स्वास्थ्य जांच शिविर 18 जून को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार परिसर में बंदियों व कैदियों के लिए आगामी 18 जून को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जेल में कैदियों व बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक, दंत चिकित्सक, सामान्य चिकित्सक तथा नेत्र विशेषज्ञ सहित अन्य आवश्यक चिकित्सक शामिल होंगे।

### जेजे अस्पताल में रक्तदान शिविर 13 को

**बहादुरगढ़।** शहर के जीवन ज्योति अस्पताल की ओर से शनिवार 13 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर आशीष भारद्वाज ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में डीसी वर्षा खांगवाल और पुलिस कमिश्नर डॉ राजश्री मौजूद रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम अभिनव सिवाच, डीसीपी मयंक मिश्रा, एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून व सिविल सर्जन मंजू कादियान मौजूद रहेंगी।

## वार्ड 17 में की सीमेंट कंक्रीट या तारकोल की लेयर बिछाने की मांग

# वार्डवासियों ने किया टाइलें बिछाने का विरोध

# छह माह से कच्चे तलाव रोड पर उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सिटी पल्स

शहर के वार्ड नंबर 17 स्थित कच्चा तलाव रोड पिछले करीब छह माह से अधूरा पड़ा हुआ है। सड़क के पुनर्निर्माण कार्य को वार्डवासियों के विरोध के चलते बीच में ही रोक दिया गया, जिसके कारण सड़क का एक हिस्सा उखड़ा हुआ है और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बीएंडआर विभाग द्वारा तलाव चौक से शिव चौक तक सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया गया था। निर्माण कार्य के पहले दिन सड़क की पुरानी परत को हटाने का काम शुरू हुआ, लेकिन जब लोगों को पता चला कि यहां तारकोल की सड़क की जगह इंटरलॉक टाइलें बिछाई जानी हैं तो उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया और तब से सड़क अधूरी अवस्था में पड़ी है। वार्ड पार्षद टेकचंद गुर्जर ने बताया कि यह सड़क कई वर्षों पहले बनाई गई थी और अधिकांश हिस्सा अभी भी अच्छी स्थिति में है। पिछले वर्ष बरसात के दौरान कुछ स्थानों पर जलभराव होने से सड़क पर गड्ढे बन गए थे, लेकिन पूरी सड़क को उखाड़कर टाइलें बिछाने की आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने कहा कि यदि सड़क का नवीनीकरण करना जरूरी था तो उस पर तारकोल की नई परत बिछाकर उसे बेहतर बनाया जा सकता था। वार्ड वासियों का कहना है कि पिछले छह माह से सड़क अधूरी होने के कारण धूल और मिट्टी की समस्या बढ़ गई है। हालांकि वार्डवासियों के विरोध के बाद विभाग द्वारा हाल ही में जेसीबी की सहायता से सड़क को समतल करने का प्रयास किया गया था लेकिन लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण अभी धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की।



झज्जर। कच्चा तलाव रोड पर अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

### फुटपाथ की टाइलें क्षतिग्रस्त



वार्ड निवासी रघबीर सिंह हुड्डा ने कहा कि सड़क के किनारे बने फुटपाथ की कई टाइलें क्षतिग्रस्त हैं और उनकी मरम्मत की जानी चाहिए, लेकिन पूरी सड़क पर इंटरलॉक टाइलें बिछाना उचित नहीं है। उनका मानना है कि मौजूदा सड़क अभी भी उपयोग योग्य है।

### भारी वाहनों से खराब हो सकती हैं टाइल



वार्डवासी प्रकाश गुर्जर ने कहा कि यदि नई सड़क बनानी ही है तो सीमेंट कंक्रीट या तारकोल की सड़क बनाई जानी चाहिए। इंटरलॉक टाइलों वाली सड़कें लंबे समय तक टिकाऊ नहीं होतीं और भारी वाहनों के दबाव से जल्दी खराब हो जाती हैं।

### सरकारी पैसे का दुरुपयोग



वार्ड के बुजुर्ग राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासन को उन क्षेत्रों में नई सड़कें बनानी चाहिए जहां वास्तव में इनकी जरूरत है। अच्छी हालत में मौजूद सड़क को उखाड़कर दोबारा निर्माण करना सरकारी धन की बर्बादी है।

## रैफर मुक्त अस्पतालों की मांग को लेकर साइकिल यात्रा

# सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रैफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा द्वारा साइकिल अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सतीश चोपड़ा अपने साथी सुनील के साथ झज्जर पहुंचे। यहां उन्होंने नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट के नजदीक बैठकर धरना देते हुए अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं में इजाफा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे मूल से फरीदाबाद के हैं। उन्होंने बीती एक जून से यह अभियान शुरू किया है। उनकी समिति द्वारा सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग को लेकर फरीदाबाद में 294 दिन का धरना दिया गया था। जिसके उपरांत सरकार ने वादा किया था कि प्रदेश के चौदह जिले में ट्रामा सेंटर बनाए जाएंगे। 100 बेड वाले वाले अस्पतालों को 200 का किया जाएगा। आधुनिक आईसीयू व कैंसर स्पेशल वार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद अधिकांश अस्पतालों में आईसीयू तो बनाए गए लेकिन उनमें आईसीयू स्पेशलिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट आदि की नियुक्ति ने होने के कारण आज भी मरीजों को रैफर करना पड़ रहा है। इसके अलावा मरीजों व तीमारदारों के लिए पेयजल व पंखें, कूलर आदि की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं हैं। पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध न होने के कारण लोगों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती है, अधिकांश जांच भी बाहर से करानी पड़ती है जिससे उन्हें आर्थिक व शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।





झज्जर। नागरिक अस्पताल के गेट के बाहर धरनारत सतीश चोपड़ा।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग

सतीश चोपड़ा ने बताया कि इस साइकिल यात्रा में यह उनका नौंवा जिला है। उनकी मुख्य मांगों में 30 बेड का आईसीयू बनाना, स्पेशलिस्ट व सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति, ट्रामा सेंटर व अन्य सुविधाएं, साफ-सफाइर व पेयजल व गर्मी से राहत व्यवस्था, अस्पतालों में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, रक्त जांच आदि सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध कराना, मेडिकल कॉलेजों को अपग्रेड करना व नागरिक अस्पतालों को रैफर मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करना शामिल है।

## दो घंटे की हड़ताल कर नर्सों ने जताया विरोध



बहादुरगढ़। अस्पताल परिसर में इकट्ठी होकर रोष जताती नर्सिंग आफिसर्स।



बहादुरगढ़। ओपीडी में इलाज के इंतजार में जमीन पर बैठे मरीज।

**बहादुरगढ़।** शहर के नागरिक अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स ने हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया की टिप्पणियों और व्यवहार के विरोध में मंगलवार को दो घंटे की पेन-डाउन हड़ताल की। प्रदेश स्तर पर नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर सुबह 10 से 12 बजे तक कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया। इसका असर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी देखने को मिला। ओपीडी में मरीजों की भीड़ रही और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच शिविर की कुछ गतिविधियां प्रभावित हुईं। हड़ताली नर्सिंग ऑफिसरों ने इकट्ठे होकर रोष जताया और कहा कि कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल से जुड़े मामले में पूरे नर्सिंग समुदाय को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। आयोग अध्यक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों से नर्सिंग कैडर की छवि और सम्मान को ठेस पहुंची है। प्रदर्शनकारियों ने रेणु भाटिया से सार्वजनिक माफी और पद से इस्तीफे की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।



बहादुरगढ़। स्कूल प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते डीईओ रतिंद्र सिंह।

# स्कूलों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें मुखिया

- जिला शिक्षा अधिकारी ने खंड के स्कूल प्रमुखों को दी हिदायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नूना माजरा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड के सभी विद्यालय प्रमुखों की एक अहम बैठक जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पूनिया ने स्कूलों में नामांकन से संबंधित तथा निपुण भारत मिशन की विभिन्न पहलों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बालवाटिका में नामांकन बढ़ाने पर सबको प्रयास करना पड़ेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह ने सभी विद्यालय प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय से मार्गदर्शन लेने से पहले सभी संबंधित पत्रों का भलीभांति अध्ययन किया जाए। विद्यालयों में पानी, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए। विज्ञान समेत अन्य प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कोई भी शैक्षिक सामग्री बक्सों में बंद न रहे, बल्कि उसका नियमित उपयोग हो। मिड-डे मील रसोईघर को स्वच्छ रखने के साथ ही विद्यालय प्रमुख द्वारा भोजन की गुणवत्ता और शिक्षक द्वारा रखे गए रिकॉर्ड की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों की छोटी-मोटी मरम्मत का कार्य ग्रीष्मावकाश में करवा लिया जाए। मानसून से पहले भवन की छतों को साफ रखने तथा मुख्य द्वार को आकर्षक बनाने, आवश्यकता पड़ने पर पेंट करवाने की हिदायत दी।

### शिक्षा सुधार पर दिया जोर

डीईओ रतिंद्र सिंह ने वार्षिक विद्यालय विकास योजना बनाने तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक उत्सव का विद्यालय स्तर पर जोश और शिद्दत से आयोजन किया जाए तथा पौधारोपण अभियान भी चलाया जाए। प्रातःकालीन सभा में सभी शिक्षक व प्रधानाचार्य अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए प्रहरी क्लबों को सक्रिय किया जाए। इसकी रिपोर्ट 15 जुलाई तक भेजी जाए। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने डीईओ को आश्वस्त किया कि खंड में इन सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करवाएंगे।

# ट्रक की टक्कर से पीडब्ल्यूडी कर्मी घायल, रोहतक पीजीआई रेफर

- घायल टैंकर चालक की पहचान क्षेत्र के गांव खेड़ी खुम्मार निवासी भीम सिंह के तौर पर हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गुरुग्राम रोड स्थित दुलीना चौकी नजदीक हुई ट्रक व पानी के टैंकर की टक्कर में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की सुबह यह हादसा उस समय हुआ जब पीडब्ल्यूडी के ठेका कर्मचारी पानी के टैंकर की सहायता से सड़क के डिवाडर पर लगे पौधों को की सिंचाई के कार्य में लगे थे। घायल टैंकर चालक की पहचान क्षेत्र के गांव खेड़ी खुम्मार निवासी भीम सिंह के तौर पर हुई है। पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने बताया कि उसी दौरान मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने अपनी गाड़ी में भीम सिंह को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर चोट को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।



झज्जर। घायल भीम सिंह को रोहतक पीजीआई ले जाते हुए कर्मचारी।

## विधायक राजेश जून ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

# कुलासी में 55 लाख से बनेगा सब हेल्थ सेंटर

- ग्रामीणों को घर के पास मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं
- छोटे-मोटे इलाज के लिए शहरों पर निर्भरता होगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव कुलासी के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। विधायक राजेश जून ने 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सब हेल्थ सेंटर के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि सब हेल्थ सेंटर का भवन तैयार होने के बाद यहां डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जाएंगी। इससे गांव और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं अपने घर के नजदीक ही उपलब्ध हो सकेंगी तथा छोटे-मोटे उपचार के लिए शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।



### ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी स्तर की सुविधाएं उपलब्ध होंगी

विधायक राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी सोच के तहत स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार किया जा रहा है।



## धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला




## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

## राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## डीएमसी ने श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया

# नप कर्मचारियों व क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने ढाई घंटे में माइनर को किया चकाचक

**माइनर से लगभग दस ट्रॉली कचरा निकालकर डंपिंग यार्ड भेजा**

**सफाई से पहले**



**सफाई के समय**



**सफाई के बाद**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

सेक्टर-7 के निकट लंबे समय से गंदगी से अटी पड़ी सिंचाई माइनर पर मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। डीएमसी अभिनव सिवाच की अगुवाई में नगर परिषद के कर्मचारियों और क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद माइनर को कहीं हद तक कचरे से मुक्त किया।

माइनर से लगभग दस ट्रॉली कचरा निकालकर डंपिंग यार्ड भेजा गया। न केवल ट्रस्ट के सदस्यों बल्कि आसपास के लोगों ने भी इस कदम की सराहना करते हुए मुहिम में भाग लेकर श्रमदान किया। खुद डीएमसी अभिनव सिवाच ने भी श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के बाद पुलिया के निकट माइनर की दशा ही बदल गई। पहले के मुकाबले बेहतर नजर आई। दरअसल, इस पुलिया के आसपास माइनर में गंदगी की भरमार थी। काफी पुरान पूजन सामग्री, प्लास्टिक आदि कचरा जमा हुआ था। हालात ये थे कि माइनर बिलकुल गंदे नाले का रूप ले चुकी थी। डीएमसी अभिनव सिवाच ने पहले करते हुए स्वच्छता की ड्राइव शुरू कराई। कर्मचारियों व पर्यावरण प्रेमियों ने गंदगी के बीच उतरकर आम नागरिकों को नहरों को बचाने तथा स्वच्छता का संदेश दिया डीएमसपी अभिनव सिवाच ने कहा कि क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्यों व सफाई कर्मचारियों की मदद से नहर की सफाई की गई है।

### गंदगी न डालें

नहरें जीवन दायिनी होती हैं। आम नागरिकों से अपील कि नहरों में गंदगी न डालें। इनकी निर्मलता, स्वच्छता का ख्याल रखें। इसके अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी गंदगी न फैलाकर स्वच्छता पर जोर देते हुए जिम्मेदार नागरिकता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि नहरों को साफ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा



बहादुरगढ़। गोरैया ग्रीन बेल्ट में स्वच्छता अभियान चलाते कंपनी कर्मचारी व समिति सदस्य।

# गोरैया ग्रीन बेल्ट में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**स्वयंसेवकों और कंपनी कर्मचारियों ने मिलकर करीब 250 किलो कचरा एकत्रित किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति और एलएंडटी कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में गोरैया ग्रीन बेल्ट में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों और कंपनी कर्मचारियों ने मिलकर क्षेत्र से करीब 250 किलो कचरा एकत्रित किया। अभियान के दौरान डीजीएम वर्कशॉप सावन शर्मा और राजीब नाग ने बताया कि ग्रीन बेल्ट में फैले प्रतिबंधित पॉलिथीन, प्लास्टिक रैपर व अन्य ठोस कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रबंधक दुर्गेश पवार ने बताया कि कंपनी ने पहले भी ग्रीन बेल्ट के विकास और तारबंदी में सहयोग दिया है तथा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में सहभागिता जारी रहेगी। सफाई कार्य के बाद प्रतिभागियों ने ग्रीन बेल्ट में लगे पौधों को पानी देकर उनके संरक्षण का संदेश दिया। समिति प्रधान संजय कलसन ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से यहां करीब 400 पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनकी देखभाल के लिए समिति नियमित रूप से कार्य कर रही है। समिति सदस्य जयपाल सांगवान ने कहा कि कचरा केवल निर्धारित कूड़ा वाहन में ही डालें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और स्वच्छ तथा हरित वातावरण बनाने में भागीदारी निभाएं। अनिल राठी, अमित राठी, मनीष चाहार, जय, सुनील, ललित सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

# विधायक ने खैरपुर में 27 लाख के विकास कार्यों का किया शुभारंभ



- 12 लाख 17 हजार रुपये की लागत से खेतों की ओर जाने वाला कच्चा रास्ता होगा पक्का

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने खैरपुर में 27 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर खुशी व्यक्त की। खैरपुर गांव के मंदिर से कानोंदा रोड तक पीडब्ल्यूडी की सड़क के दोनों तरफ 15 लाख 3 हजार रुपए की लागत से पक्का करने के कार्य का विधायक ने शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने 12 लाख 17 हजार रुपये की लागत से खेतों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का बनाने के कार्य की भी शुरुआत की। इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा किसानों को खेतों तक पहुंचने में राहत मिलेगी। जून ने कहा कि गांवों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। सीएम नायब सैनी के विशेष आशीर्वाद और सहयोग से बहादुरगढ़ में विकास परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी और धनराशि उपलब्ध हो रही है। जिस कारण बहादुरगढ़ में सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा संस्थानों और आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिली है।



बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का स्वागत करते अनिल खत्री।

## खत्री ने किया केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य का स्वागत

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का मंगलवार को दिल्ली से रोहतक जाते समय बहादुरगढ़ में भव्य स्वागत किया गया। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने उनका अभिनंदन किया। सिंधिया वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आत्मीयता से मिले।

अनिल खत्री ने केंद्रीय मंत्री को हरियाणा में खेल गतिविधियों, विशेषकर तैराकी को बढ़ावा देने के प्रयासों से अवगत कराया। इस मौके पर महेंद्र खत्री, सुनील खत्री, सत्यनारायण शर्मा व अनिल ढुल आदिउपस्थित रहे।

# महिला आईटीआई में लगा जॉब मेला, 44 छात्राओं ने लिया भाग

**कंपनियां चयनित उम्मीदवारों की सूची शीघ्र जारी करेंगी**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में मंगलवार को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जॉब मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न ट्रेडों से पास आउट व अंतिम वर्ष की कुल 44 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जॉब मेले में गुरुग्राम स्थित वीवीडीएन कंपनी था बहादुरगढ़ की कोहिनूर मेकअप और रामा मेकअप कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। इस दौरान छात्राओं की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी कौशल व कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। प्राचार्य मायामंती ने बताया कि जॉब मेले का उद्देश्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। कंपनियों द्वारा चयनित उम्मीदवारों की सूची शीघ्र जारी की जाएगी। परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित छात्राओं को संबंधित कंपनियों में नियुक्ति दिलाई जाएगी। उन्होंने छात्राओं से अपने कौशल को लगातार निखारने और रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।



## राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लेगा हर्ष, जिला स्तर पर जीता गोल्ड मेडल

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल की एथलेटिक्स एकेडमी के छात्र हर्ष ने जिला स्तर पर हुए योग कार्यक्रम में 18 प्लस आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। अब वह 15 जून को अंबाला में होने वाली राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। हर्ष के प्रदर्शन पर कोच सुनील, परिजनों और साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताई है।

# शिविर में 280 लोगों की जांचीं आंखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



तपोभूमि जटेला धाम माजरा दुबलधन में निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 280 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकतर लोगों में निकट दृष्टि दोष एवं मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। इनमें से लगभग एक तिहाई मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। तपोभूमि जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने कहा कि आंखें ईश्वर की अद्भुत और अनोखी रचना हैं, जिनके माध्यम से मनुष्य इस सुंदर संसार को देख पाता है। उन्होंने कहा कि आंखों की देखभाल करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है तथा समय-समय पर आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए, ताकि गंभीर बीमारियों का समय रहते उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं। शिविर में चिकित्सकों द्वारा मरीजों को आंखों की देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

## गोल्ड मेडल विजेता नेहा, जतिन और जन्नत को किया सम्मानित

**झज्जर।** मंगलवार को जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने झज्जर हलके के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान गांव खानपुर में कृष्ण अखाड़ा में पहलवानों और प्रशिक्षकों से मुलाकात की और हाल ही में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों नेहा सांगवान, जतिन और जन्नत को सम्मानित किया। जिला प्रभारी कर्नल एसएस राठी ने भी पहलवानों का हौसला बढ़ाया और कहा कि हरियाणा प्रदेश पहलवानों की भूमि है। हमेशा हमारे खिलाड़ियों ने मेडल जीते हैं ऐसे ही लगातार जीतते रहेंगे। जिला प्रवक्ता विकास पाराशर व हलका प्रधान मिंटू ठेकेदार, युवा जिला प्रधान भूपेंद्र ने भी पहलवानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कृष्ण पहलवान, धर्म पहलवान, रामपाल साहब, दिलबाग साहब, प्रीत फौजी, जयभगवान, धर्मेंद्र, अमित, विशाल फौजी, अमित सरपंच सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए राकेश जाखड़ एवं अन्य।



## गांव इस्सरहेड़ी पहुंची योग जागरण यात्रा

**बहादुरगढ़।** योग प्रोटोकॉल अभ्यास के बाद योग जागरण यात्रा निकाली जा रही है। मंगलवार को यह यात्रा गांव इस्सरहेड़ी में पहुंची। ग्राम सरपंच मौसमी देवी सहित कई महिलाएं व बच्चे इस यात्रा में शामिल हुए। आयुष योग सहायक प्रीति ने ग्रामीणों को योग के लाभ समझाए और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने को प्रेरित किया। सरपंच मौसमी देवी ने कहा कि आधुनिक भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य के जीवन में तनाव बढ़ता जा रहा है।

इस तनाव से मुक्ति के लिए हमें योग का साहरा लेना होगा। योग को दिनचर्या का हिस्सा बना होगा तभी हम रोग मुक्त रह सकते हैं। उन्होंने नशा मुक्त, योग युक्त हरियाणा के तहत बच्चों को शपथ दिलाई।

## ज्ञापन देकर सीएम के समक्ष रखी कई मांग



**बहादुरगढ़।** कानौंदा की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर दलित महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र लुखड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। लुखड़ ने सीएम को बताया कि गांव में अनुसूचित जाति समाज के नंबरदार पद पर पिछले करीब 10 वर्षों से नई नियुक्ति नहीं हुई है। बिजेंद्र लुखड़ ने अधूरे पड़े अंबेडकर भवन के निर्माण कार्य को पूरा कराने, हड़वारियों की जमीन को मुक्त कराने तथा उस भूमि का उपयोग समाज के बच्चों के लिए लाइब्रेरी या कोचिंग सेंटर स्थापित करने के लिए करने का आग्रह किया। उन्होंने वाल्मीकि धर्मशाला की भूमि का स्वामित्व संबंधी मामला जल्द निपटाने और रजिस्ट्री कराने की मांग की।



## ओमेक्स सिटी में लगा समर कैंप

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के ओमेक्स सेवा केंद्र में बच्चों के लिएसमर कैंप का आयोजन किया गया। बीके विनीता दीदी के मार्गदर्शन में बच्चों को जीवनोपयोगी और व्यावहारिक शिक्षाएं दी जा रही हैं। बीके रुबी दीदी ने बच्चों को जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया और उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कमला (पत्नी), महेश (पुत्र), अरविंद (पुत्र), रेखा (पुत्री), सरोज (पुत्री), आदित्य (नाती) व ऋषभ (नाती) स्व. रामफल निवासी जटवाड़ा मौहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3B7MT5L2 वार्ड नंबर 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में रामफल के नाम से दर्ज है। रामफल की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3B7MT5L2 वार्ड नंबर 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति 3B7MT5L2/30 वर्ग गज कमला (पत्नी), महेश (पुत्र), अरविंद (पुत्र), रेख (पुत्री), सरोज (पुत्री), आदित्य (नाती) व ऋषभ (नाती) स्व. रामफल के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

# नप चेयरपर्सन ने पार्कों और ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण



बहादुरगढ़। पार्क में व्यवस्था का निरीक्षण करती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

**महर्षि दयानंद पार्क की सफाई व्यवस्था और शौचालय की स्थिति जांची**

**स्थानीय लोगों ने भी निरीक्षण के दौरान अपनी समस्याएं सामने रखीं**

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने मंगलवार को शहर के कई पार्कों और ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति और पार्कों में नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

कई स्थानों पर व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताते हुए अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। चेयरपर्सन ने सबसे पहले सेक्टर-9 स्थित महर्षि दयानंद पार्क का दौरा किया। जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था और शौचालय की स्थिति जांची। इसके बाद उन्होंने बालौर चौक के निकट सेक्टर-9 की ग्रीन बेल्ट, शास्त्री नगर फेज-2 में स्थित पार्क और आर्य नगर स्थित वीर सावरकर पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी जगहों पर पार्कों की साफ-सफाई, रखरखाव, हरियाली और आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की।

### कमियों को तुरंत दूर करें

स्थानीय लोगों ने भी निरीक्षण के दौरान अपनी समस्याएं सामने रखीं। इस दौरान चेयरपर्सन सरोज राठी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्कों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, शौचालयों की स्थिति दुरुस्त रखी जाए। कमियों को तुरंत दूर किया जाए। इनका बेहतर रखरखाव नगर परिषद की जिम्मेदारी है। इस दौरान राजेश सैनी, राजेश तंवर और जेई आकाश आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुरारी लाल (पुत्र), जयभगवान (पुत्र), लक्ष्मी देवी (पुत्री), कांता देवी (पुत्री), सुशीला देवी (पुत्रवधु), सचिन गुप्ता (पौत्र), रचना गर्ग (पौत्री) स्व. शिव शंकर वारसान स्व. प्रहलाद राय व स्व. गिन्नो देवी निवासी अनाज मंडी, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3BWMFHE8 वार्ड नंबर 19 कॉलोनी अनाज मंडी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में प्रहलाद राय के नाम से दर्ज है। प्रहलाद राय की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3BWMFHE8 वार्ड नंबर 19 कॉलोनी अनाज मंडी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह संपति 3BWMFHE8/555.55 वर्ग गज मुरारी लाल (पुत्र), जयभगवान (पुत्र), लक्ष्मी देवी (पुत्री), कांता देवी (पुत्री), सुशीला देवी (पुत्रवधु), सचिन गुप्ता (पौत्र), रचना गर्ग (पौत्री) स्व. शिव शंकर वारसान स्व. प्रहलाद राय व स्व. गिन्नी देवी के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतोष देवी (पत्नी) स्व. होशियार सिंह निवासी मस्जिद मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3BUAO7O6 वार्ड नंबर 24 कॉलोनी मस्जिद मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में होशियार सिंह के नाम से दर्ज है। होशियार सिंह की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3BUAO7O6 वार्ड नंबर 24 कॉलोनी मस्जिद मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा ,इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति 3BUAO7O6/100 गज श्रीमती संतोष देवी (पत्नी) स्व. होशियार सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

**खबर संक्षेप**

## मादक पदार्थ स्मैक सहित एक आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा मादक पदार्थ स्मैक सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना दुजाना के एरिया में तैनात थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि रोहित निवासी खेडीखुम्मार नशीला पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है, जो डेरी वाली गली खेड़ीखुम्मार क्षेत्र में खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रोहित के तौर पर की गई। आरोपी से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 4.68 ग्राम पाया गया।

## विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 14 को

**बहादुरगढ़।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार 14 जून को ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मंजीत नाथ महाराज तथा रामानंद जी महाराज मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. मनीष शर्मा करेंगे। ब्लड बैंक इंचार्ज सुमन शर्मा ने ज्यादा से ज्यादा रक्तदान की अपील की।

### जैतपुर गांव में गिरे ओले, गर्मी से मिली आंशिक राहत

# तेज आंधी में खेतों में लगे सोलर पैनल और पेड़ गिरे

दोपहर के समय तापमान 42 डिग्री के पार रहा। सायं हुई हल्की बारिश और तेज आंधी के कारण लोगों को गर्मी से निजात मिली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार सांय एकाएक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। जिसके कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। तेज आंधी के कारण तुंबाहेडी गांव में खेतों में लगा सोलर पैनल और कई स्थानों पर पेड़ व बिजली के खंभे भी गिर गए। जिसके कारण जन जीवन प्रभावित रहा और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उधर, हल्की बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र के गांव जैतपुर में ओलावृष्टि हुई। जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उधर, दिनभर चिलचिलाती धूप ने लोगों को खूब परेशान किया। दोपहर के समय तापमान 42 डिग्री के पार रहा। सायं हुई हल्की बारिश और तेज आंधी के कारण लोगों को गर्मी से निजात मिली।



झज्जर। तेज आंधी के कारण खेतों में गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। तेज आंधी के कारण गिरी सोलर प्लेट को उठाते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

# बैलगाड़ी से बुलेट ट्रेन तक का सफर

### बुजुर्गों ने सुनाई यातायात व्यवस्था में आए विकासपरक बदलाव के सफर की कहानी



**याद बहुत आते हैं वो दिन...**

समय के साथ दुनिया कितनी तेजी से बदली है, इसका अंदाजा बुजुर्गों की यादों से सहज ही लगाया जा सकता है। एक समय था जब गांवों में आवागमन का मुख्य साधन बैलगाड़ी हुआ करती थी। कई किलोमीटर का सफर पैदल या साइकिल से तय किया जाता था। वहीं आज लोग कुछ घंटों में सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर लेते हैं और देश बुलेट ट्रेन जैसी आधुनिक परिवहन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

जी हां, पहले गांव से शहर जाने के लिए बैलगाड़ी ही सबसे बड़ा सहारा हुआ करती थी। कई किलोमीटर का सफर घंटों में तय होता था, लेकिन लोगों के पास समय भी था और धैर्य भी। आज मेट्रो, एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड ट्रेनों ने दूरियों को मिनटों में समेट दिया है। क्षेत्र के बुजुर्गों ने अपने जीवनकाल में यातायात व्यवस्था को बैलगाड़ी से लेकर आधुनिक मेट्रो रेल तक पहुंचते देखा है। हालांकि आधुनिकता के साथ सामाजिक रिश्तों में बदलाव आया है। पहले लोग चौपालों पर घंटों बैठकर सुख-दुख साझा करते थे, जबकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय कम हो गया है।



बहादुरगढ़। मेट्रो कॉरिडोर के नीचे से गुजरती बैलगाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### तकनीकी विकास ने यात्रा को तेज बनाया



जसवंत राठी के अनुसार एक समय ऐसा था जब कच्चे रास्तों पर बैलगाड़ियां और ऊंटगाड़ियां ही परिवहन का प्रमुख साधन थीं। गांवों से शहरों तक पहुंचने में पूरा दिन लग जाता था। उसके बाद में साइकिल और तांगे का दौर आया। जिसने लोगों की आवाजाही को कुछ आसान बनाया। फिर बस सेवाएं शुरू हुईं तो ग्रामीण क्षेत्रों का शहरों से संपर्क और मजबूत हुआ। तकनीकी विकास ने यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन पुराने समय की आत्मीयता और सफर का आनंद कहीं पीछे छूट गया है।

### परिवहन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आया



सतनारायण अग्रवाल ने बताया कि समय के साथ मोटरसाइकिल, कार और ट्रैक्टर गांव-गांव तक पहुंच गए, जिससे परिवहन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आया। उन्होंने बताया कि आज के युवा शायद यह कल्पना भी नहीं कर सकते कि कभी लोग रेलगाड़ी देखने के लिए दूर-दूर तक जाते थे। तकनीक और विकास ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है। अब मेट्रो रेल, बुलेट ट्रेन परियोजनाएं, फ्लाईओवर और चौड़ी सड़कें आधुनिक भारत की पहचान बन चुकी हैं। दिल्ली-एनसीआर जैसे क्षेत्रों में मेट्रो ने रोजाना लाखों लोगों के सफर को आसान बना दिया है।

### बदलती जीवनशैली की जीवंत कहानी



प्रवीण शर्मा ने कहा कि बैलगाड़ी से मेट्रो तक का यह सफर केवल यातायात के साधनों का बदलाव नहीं, बल्कि देश के विकास और बदलती जीवनशैली की जीवंत कहानी है। उनके अनुसार पहले सफर केवल मंजिल तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि लोगों से मिलने-जुलने और अनुभव साझा करने का अवसर भी होता था। यह सफर केवल परिवहन का नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और जीवनशैली में आए व्यापक बदलावों की कहानी भी है। नई पीढ़ी को पुराने मूल्यों, सामाजिक एकता और पारिवारिक संस्कारों को भी संजोकर रखना चाहिए।

# एसआईआर को लेकर राजनीतिक प्रतिनिधियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार को शहर के लघु सचिवालय में एसआईआर को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अभिनव सिवाच के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (एईआरओ-द्वितीय) एवं नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव कानूनगो मनीष कुमार भी मौजूद रहे।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर के उद्देश्य, प्रक्रिया और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया कि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पात्र मतदाताओं का सत्यापन तथा आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बीएलए-2 की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची के सत्यापन एवं शुद्धिकरण कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।



बहादुरगढ़। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते प्रवीण कुमार।

# विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत आमजन को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

केंद्र एवं राज्य सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के थीम पर जिले में आगामी 20 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता से जनकल्याण शिविर, प्रगति पथ यात्राएं, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रोजगार मेले, प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम तथा पशु मेले सहित अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह बात डीसी वर्षा खांगलवाल ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कही। उन्होंने अभियान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करना सुनिश्चित करें।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।



झज्जर। पोस्टमार्टम के दौरान नागरिक अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजन।

# अज्ञात कारणों के चलते किशोर ने फंदा लगाकर दी जान

**झज्जर।** एक गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक किशोर ने हाल ही में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी और फिलहाल वह कंप्यूटर कोर्स कर रहा था। उसके माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। सोमवार को जब उसका पिता अपनी दिहाड़ी पर गया हुआ था और मां कंपनी में ड्यूटी में पर गई हुई थी तो पीछे से उसने अपने घर के ऊपर वाले कमरे में फांसी लगा ली। रात करीब साढ़े आठ बजे जब परिजन काम से लौटे तो उन्हें घटना का पता चला। परिजन उसे फांसी के फंदे से उतार कर उपचार के लिए गांव के ही अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# आधा दर्जन लूटपाट की वारदात करने वाला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** छीना झपटी व लूटपाट की करीब आधा दर्जन वारदातों में शामिल रहे एक अपराधी को एसटीएफ बहादुरगढ़ की टीम ने अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपी के पास से पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर इंचार्ज राकेश कुमार की अगुवाई वाली टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी को आसौदा थाना क्षेत्र में दिल्ली-रोहतक रोड पर केएमपी पुल के नीचे से काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का हथियार व 1 कारतूस बरामद किया गया। आरोपी की पहचान नवीन के रूप में हुई है। गांव खाचरौली का रहने वाला है। उसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि आरोपी पर इससे पहले छीना झपटी, लूटपाट के आधा दर्जन मुकदमे झज्जर जिले में दर्ज हैं।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# जेजेपी ने की सीबीएसई परीक्षा परिणामों की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



जन नायक जनता पार्टी ने सीबीएसई परीक्षा परिणामों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। परीक्षा परिणामों में सामने आ रही गंभीर अनियमिताओं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर चिंता व्यक्त करते पार्टी के जिला प्रवक्ता डॉक्टर विकास पाराशर ने कहा कि मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिस्टम की खामियों का ख़ामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कई विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से प्रश्न गायब पाए गए तो कई जगह एनए अंकित कर दिए गए। ऐसे में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी भी फेल कर दिए गए। यह केवल तकनीकी समस्या नहीं है बल्कि लाखों विद्यार्थियों के भविष्य और उनकी मानसिक स्थिति से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी जेईई एडवांस और अन्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें बोर्ड परीक्षा परिणामों में असफल दिखाया जाना पूरे मूल्यांकन तंत्र पर प्रश्न चिन्ह लगाता हैं। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ ने कहा कि आज बेरोजगारी चरम सीमा पर है। आज का युवा सरकार से सवाल कर रहा हैं कि प्रदेश में रोजगार क्यों नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि चाहे गलती किसी की भी क्यों न हो, पर छात्रों को तुरंत न्याय मिलना चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये सरकार को सख्त कानून बनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जन नायक जनता पार्टी ने हमेशा विद्यार्थियों और युवाओं के हित में कार्य किए हैं और वो लगातार सरकार की गलत नीतियों का विरोध करती रहेगी और युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

# डीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के आवेदनों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के इलाज में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से डीसी वर्षा खांगवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने के लिए बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने मामलों की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत सहायता प्रदान करने तथा अन्य मामलों में आवश्यक दस्तावेजों एवं चिकित्सा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष राज्य सरकार की एक संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज में सहायता उपलब्ध कराना है।



झज्जर। मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित आवेदनों की समीक्षा करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि

# सीवरेज समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इनेलो करेगी आंदोलन

**बहादुरगढ़।** शास्त्री नगर फेज-2 के निवासी लंबे समय से सीवर के गंदे पानी की चपेट में है। सड़क पर फैले गंदे पानी और बदबू के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने हालात का जायजा लिया और स्थानीय लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने कहा कि यदि विभाग ने समस्या हल नहीं की तो इनेलो आंदोलन करने को मजबूर होगी। राजेश (राजे), राहुल, अशोक, सतीश, भरपाई देवी, कृष्ण, दीपक, अनिल, रमेश, कविता और गीता आदि ने बताया कि यह समस्या वर्षों पुरानी है और हर साल बरसात में हालात बदतर हो जाते हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कृष्ण कुमार ने बताया कि सड़क पर लगातार जमा रहने वाले गंदे पानी के कारण बदबू फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि इनेलो क्षेत्रवासियों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी आवाज को हर स्तर पर उठाया जाएगा। यदि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को केवल कागजों में विकास दिखाने के बजाय जमीनी स्तर पर लोगों की मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

### सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त रखने के दिए निर्देश

# उपायुक्त ने किया दुजाना गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले की ग्राम पंचायतें स्वच्छ गांव बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ा रही हैं। बेहतर व सुखद वातावरण बनाने के लिए ग्रामीण विकास पर सरकार पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। यह बात डीसी वर्षा खांगवाल ने गांव दुजाना का दौरा करते हुए कही। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि पंचायतें नियमित रूप से सफाई अभियान संचालित करते हुए हर गांव स्वच्छता के क्षेत्र में उदाहरण बनते हुए स्वच्छ वातावरण की परिकल्पना को साकार करे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियां गांव की साझा धरोहर होती हैं और इनके संरक्षण के लिए सभी को सजग रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने गांव की ऐतिहासिक बावड़ी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ऐसी विरासतें गांव की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक हैं। इनके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपने इतिहास और विरासत से जुड़ी रह सकें।



झज्जर। स्वच्छता व्यवस्था एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि